हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री

न्यूनतम 12 .0 डिग्री

12 लकड़ी स्क्रैप कारोबारी से मंथली की मांग पर मारपीट, केस दर्ज आरोपी गिरफ्तार



12 चूरू-सादुलपुर रेलखंड के मध्य दोहरीकरण कार्य, अप्रैल माह में रेल यातायात रहेगा प्रभावित



## खबर संक्षेप

### चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** पुलिस ने चोरी के मामलों में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। सदर थाना पुलिस ने नलकूप की मोटर चोरी करने के आरोप में गुरूग्राम के नानू कलां निवासी सुमित को गिरफ्तार किया था। उससे कई वारदातों का खुलासा हुआ था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। उसे वर्ष 2025 में हुई चोरी की दो वारदातों की तफ्तीश में शामिल करने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। अक अन्य मामले में पुलिस ने यूपी के मंदोरा निवासी मोनिश को मामले की जांच में शामिल करने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने शहर निवासी एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने गत वर्ष 11 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद मामले जांच शुरू की थी।

### 35 डिग्री पर पहुंच गया दिन का पारा, किसानों को पोटेशियम नाइट्रेट के छिड़काव की सलाह

# पारा सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा, गेहूं को भारी नुकसान की आशंका, किसानों के लिए एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रबी फसलों के लिए अनकूल बना रहा मौसम अब गेहूं की फसल के लिए खतरे की घंटी साबित होने लगा है। तापमान सामान्य से अधिक होने के कारण गेहूं की फसल को भारी नुकसान की आशंका बनी हुई है। इस समय गेहूं की फसल के लिए दिन का तापमान 30.0 डिग्री तक सुरक्षित माना जा रहा है, परंतु यह 35 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। कृषि अनुसंधान केंद्र बावल के विशेषज्ञों ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसके तहत किसानों को गेहूं की फसल पर पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव करने पर जोर दिया गया है। इस बार जिले के किसानों ने लगभग 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती की हुई है। मौसम अनुकूल रहने के कारण फसल अभी तक अच्छी बनी रही। अब मार्च के शुरू में ही तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे फसल खराब होने की आशंका बन गई है। बीते वर्ष मार्च के पहले सप्ताह में दिन का तापमान 28 डिग्री के आसपास बना हुआ था। इस बार यह 34 डिग्री को पार कर चुका है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय गेहूं की फसल के लिए दिन का तापमान 30 डिग्री तक बने रहना अनुकूल है। इससे अधिक तापमान फसल को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। रात का तापमान अभी भी फसल के लिए अनुकूल माना जा रहा है। यह 12 से 13 डिग्री तक उपयुक्त माना जाता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ता हुआ तापमान गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर डालता है। इससे गेहूं के दोनों के भराव की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिससे दाना छोटा और हल्का रह जाता है। फसल समय से पहले पककर तैयार होने लगती है। फसल उत्पादन में इससे काफी कमी आने की आशंका बनी रहती है। इस समय कई खेतों में गेहूं की फसल किनारों पर सूखनी शुरू हो गई है। दीमक का प्रकोप भी अपना काम करने लगा है, जिससे फसल उत्पादन पर असर पड़ना तय है। बढ़े हुए तापमान में फसल को वैज्ञानिक उपायों से बचाया जा सकता है।



रेवाड़ी। गेहूं की फसल के बीच में ऊग रही खरपतवार। फोटो : हरिभूमि

### 30 डिग्री से अधिक तापमान



*गत वर्ष की तुलना में इस बार मार्च माह के शुरू में तापमान ज्यादा बना हुआ है। 30 डिग्री से अधिक तापमान गेहूं की फसल का उत्पादन काफी प्रभावित हो सकता है। किसानों को इस समय गेहूं पर पोटेशियम नाइट्रेट का छिडकाव जरूर करना चाहिए। -डा. धर्मवीर यादव, निदेशक, कृषि अनुसंधान केंद्र, बावल।*

### बूंदाबांदी होने के आसार नहीं

शुक्रवार को इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 35.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री की कमी के साथ 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 6 फरवरी को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री और न्यूनतम 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार आगामी सोमवार से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी या बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं।

### मंडूसी के पौधों को निकालकर फेंकें

उन्होंने बताया कि गेहूं के खेतों में मंडूसी या कनकी के पौधे ज्यादा नजर आते हैं। किसानों को इस समय इन पौधों का निकालकर खेत से बाहर नष्ट कर देना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर इनका बीज जमीन पर गिरेगा, जिससे आने वाले समय में खेत में खरपतवार बढ़ जाएगा। पीला रतुआ अधिक तापमान के कारण खुद खत्म हो जाता है, जिससे किसानों को अब पीला रतुआ की रोकथाम के लिए उपचार की जरूरत नहीं है।

### फसल पर करें रसायन का छिड़काव

*बावल कृषि अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार दिन का तापमान 30 डिग्री से ज्यादा होते ही गेहूं की फसल पर पोटेशियम नाइट्रेट का छिडकाव करना चाहिए। 2 किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट को 100 लीटर पानी में मिलाकर इसका एक एकड़ गेहूं की फसल पर छिड़काव करना चाहिए। 10 दिन के अंतराल पर पोटेशियम नाइट्रेट का दो बार छिड़काव करना चाहिए। इससे फसल अधिक तापमान के कारण खराब होने से बच सकेगी।*

### दोपहर के समय करें फव्वारा सिंचाई

*कृषि विशेषज्ञ डा. नरेश यादव ने बताया कि जो किसान फव्वारा सिस्टम का उपयोग करते हैं, उन्हें दोपहर के समय गेहूं की नियमित और हल्की सिंचाई करनी चाहिए। इससे जमीन का तापमान कम करने में मदद मिलेगी। दीमक के जमीन से बाहर निकलने की प्रक्रिया पर रोक लग सकेगी। उन्होंने बताया कि किसान तेज हवा चलने की स्थिति में फसल की सिंचाई करने से बचें। इससे फसल जमीन पर गिरकर खराब हो सकती है। और फसले को चूहा आदि खराब कर सकते हैं।*

### आओ धरती को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाएं कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में जीवन में सकारात्मकता लाने वाला कार्यक्रम आओ धरती को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाएं का आयोजन 8 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि शिक्षाविद एवं समाजसेवी वर्षा कांटीवाल कार्यक्रम में मुख्यातिथि और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय कांटीवाल विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से युवा भाजपा नेता नवीन रोहिल्ला, समाजसेवी धर्मेन्द्र सैनी, शिक्षाविद अशोक जुनेजा व पर्यावरणविद शशि जुनेजा का अभिनंदन किया जाएगा।

## एटीएम कार्ड बदलकर लगाया 30 हजार रुपये का चूना

**धारूहेड़ा।** हीरो कंपनी के पास एक एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए गई महिला का कार्ड बदलकर 30 हजार रुपये निकाल लिए गए। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। मूल रूप से झारखंड के गांव बरैक की रहने वाली हेमंती देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ जोनियावास गांव में किराए के मकान में रह रही है। वह हीरो कंपनी के पास एटीएम बूथ से पैसे निकालने के लिए गई थी। उसे कार्ड से पैसे निकालने के बारे में कोई जानकारी नहीं होने के कारण वहां खड़े एक लड़के से मदद मांगी थी। महिला ने आरोप लगाया कि लड़के ने उसे चकमा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया। उसके फोन पर तीन बार में दस-दस हजार रुपये निकलने के मैसेज आए, तो उसने बैंक में संपर्क किया। बाद में उसे एटीएम कार्ड बदलने का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### एआईएमएसएस का महिला दिवस पर कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को सुबह 11 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में सभा का आयोजन किया जाएगा। एआईएमएसएस की जिला संयोजक सुमन कुमारी व स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला प्रधान तारा देवी ने बताया कि सभा में मुख्य वक्ता केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह होंगे। महिला नेत्रियों ने कहा कि आज जिस तरह से समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं,। इसके खिलाफ महिला आंदोलन चलाने की जरूरत है। महिला दिवस संघर्षशील महिलाओं का शानदार और गौरवशाली इतिहास का दिन है, जिससे प्रेरणा लेकर महिलाएं अपने ऊपर हो रहे जुल्मों के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज उठा सकती है।





## टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्में 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

## जान्हवी
## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



## पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




## माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



## ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



## धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला




## दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

### एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

## प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

## ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

### सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



#### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

#### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

#### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म
# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

#### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



#### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

#### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

#### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## खबर संक्षेप

### हादसे के बाद फरार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 23 फरवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के पाटन निवासी जगमाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। हादसे में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने का आरोपी धरा

**बावल।** आसरा का माजरा में घर में घुसकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बावल थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 5 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने घर में घुसकर नुकसान पहुंचाने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने आसरा का माजरा निवासी गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### ट्यूबवेल से इन्वर्टर बैट्री चोरी, केस दर्ज

**कोसली।** नाहड़ गांव के खेतों में ट्यूबवेल के कमरे से चोर इन्वर्टर, बैट्री, स्टेबलाइजर व सोलर सिस्टम के उपकरण चोरी करके ले गए। किसान कुलदीप कुमार ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वे वीरवार सुबह जब ट्यूबवेल गए तो कमरे का दरवाजा खुला पड़ा था। कमरे के अंदर देखा इन्वर्टर, बैट्री, एक स्टैबलाइजर, स्प्रे मशीन, सोलर झटका मशीन व हुक्का गायब थे। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### एमआर स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा कल

**नारनौल।** एमआर पब्लिक स्कूल में आठ मार्च को कक्षा प्रथम से लेकर 12वीं तक के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन होगा। जिसमें विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को पहचानेंगे तथा प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर फीस में भी छूट पा सकेंगे।

# भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली की टीम ने पाडला के निकट चाय के खोखे पर नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ खोल पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सीआईए कोसली को सूचना मिली थी कि राजस्थान के हुड़िया खुर्द निवासी संजय कुमार ने काठूवास टोल प्लाजा के पास पाडला की सीमा में चाय का खोखा किया हुआ है। वह बाइक लेकर गांजा लाने के लिए गया हुआ है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम चाय के खोखे के पास पहुंच गई। कुछ देर बाद एक युवक बाइक लेकर खोखे पर पहुंच गया। टीम ने पूछताछ शुरू की तो उसने अपना नाम संजय कुमार बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपी के थैले की तलाशी ली तो उसमें नशीला पदार्थ गांजा मिला। वजन कराने पर गांजा 1.108 किलोग्राम निकला। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसकी बाइक को भी कब्जे में ले लिया गया। बाद में आरोपी के खिलाफ थाना खोल में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करा दिया गया। पुलिस आरोपी से गांजा सप्लाई के बारे में पूछताछ कर रही है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी संजय कुमार।

# रेलवे लाइन के पास लगी आग से हड़कंप फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद पाया काबू

- आगजनी वाले स्थान से चंद मीटर की दूरी पर थी फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार देर सायं रिंगस रेल मार्ग पर गुमीना और ठोठवाल के बीच रेल लाइन के पास खड़े झुंडों में आग लग गई। आगजनी वाले स्थान के पास ही फसल होने के कारण किसानों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इसी दौरान गलत रास्ता बताए जाने के कारण फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी समय लग गया। रेलवे लाइन के आसपास झुंडे व झाड़ियां खड़ी हुई हैं। वीरवार को देर शाम इनमें आग लग गई। चंद मीटर की दूरी पर ही किसानों की गेहूं और सरसों की फसल होने के कारण किसानों को आगजनी की आशंका सताने लगी। लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी को किसी ने गलत रास्ता बता दिया, जिससे गाड़ी लगभग आधे घंटे की देरी से पहुंची। फायर ब्रिगेड पहुंचने तक लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास किए, लेकिन आग भड़कती चली गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।


रेवाड़ी। गुमीना और ठोठवाल के बीच रेल लाइन के पास लगी आग। फोटो :हरिभूमि

### फसल तक आग फैलने की आशंका

*जिस स्थान पर आग लगी थी, उससे महज 25 मीटर की दूरी पर ही गेहूं और सरसों की फसल खड़ी है। किसानों को आशंका थी कि कहीं आग विकराल रूप धारण करने के बाद खेतों तक नहीं पहुंच जाए। अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो इससे फसल को काफी नुकसान हो सकता था। आग पर काबू पाए जाने के बाद ही किसानों ने राहत की सांस ली।*

## 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत गांव-गांव गूंजेगी जागरूकता की गूंज

# बाल विवाह करवाया तो टेंट वाले से लेकर पंडित तक जाएंगे जेल

बाल विवाह कुप्रथा मिटाने को डीएलएसए सचिव नीलम कुमारी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर से जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई तथा हस्ताक्षर के साथ इस अभियान की शुरूआत की। यह रथ गांव-गांव जाकर नागरिकों को जागरूक करेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की मुख्य सचिव एवं सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 100 दिवसीय देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान को महिला एवं बाल विभाग तथा विभिन्न अन्य विभागों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि कानूनन एक गंभीर अपराध भी है। नियमानुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के व 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह करना दंडनीय है। इस अपराध में शामिल होने वाले माता-पिता, रिश्तेदार, विवाह संपन्न कराने वाले पंडित, मौलवी या पादरी तथा यहां तक कि शादी में सेवाएं देने वाले हलवाई, टेंट वाले और बैंड बाजे वालों को भी दो साल तक की जेल व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण आमजन से अपील करता है कि वे बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और इस कुप्रथा को जड़ से मिटाने में सहयोग दें।



नारनौल। बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

▶▶| कुप्रथा को जड़ से मिटाने में सहयोग दें

▶▶| बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें

### हेल्पलाइन पर दें सूचना

उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या डीएलएसए के हेल्पलाइन नंबर 01282250322 पर दी जा सकती है। अभियान का मुख्य लक्ष्य समाज के हर वर्ग को इस कानून के प्रति सचेत करना है, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे। इस मौके पर संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, एमडीडी ऑफ इंडिया शक्ति वाहिनी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन्स से जगदीप सिंह, दीपक, तुषार शर्मा, चरण सिंह, एडवोकेट गिरिबाला यादव, टेकचंद यादव, जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से कानूनी सह परिवीक्षा अधिकारी राजकुमार कोठारी के अलावा गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आरपीएस में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राव पहलाद सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन बलाना में डॉ. ओपी यादव मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। एनुअल मीट के पहले दिन की शुरुआत एमडी देसी रॉकस्टार की परफॉर्मेंस से हुई। मशहूर हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार और उनके साथी कलाकार सुभाष फौजी ने अपने गीतों से ऐसा समां बांधा की छात्र-छात्राएं भरी गर्मी में भी आगे जाकर डांस करने लगे। उन्होंने अपनी शुरुआत छोरा में हरियाणा का गीत से की और उसके बाद एक पर एक शानदार गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### यदुवंशी कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम




**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से कंप्यूटर सांइस तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज के छात्र अरूण पुत्र दयानंद ने तीसरा व नितिश पुत्र राजेन्द्र ने विश्वविद्यालय में पांचवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। इस उपलक्ष्य में यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।



### 61 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन

**कनीना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से बीते समय आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा का परिणाम हाल ही में जारी कर दिया गया है। जिसमें एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 61 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस बारे में विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने बताया कि शिक्षक स्टाफ के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल में चयन के लिए आयोजित परीक्षा में कक्षा छठी व नौवीं के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में निर्धारित अंक प्राप्त करने होते हैं। चेयरमैन जगदेव यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया।



### पिता की पुण्यतिथि पर गोशाला में लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में शुक्रवार को सवामणी आयोजित की गई। सुरेंद्र सिंह पुत्र बलवंत गांव पायगा आबाद देवीलाल कॉलोनी वाले ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर अपने परिवार के साथ सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है।

# पुरानी जेल की जमीन पर जिला लाइब्रेरी बनाने की तैयारी, विधानसभा में उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने जिला लाइब्रेरी की मांग को पुनः विधानसभा में उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनकी घोषणा अनुसार इसका निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की। प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने महिपाल ढांडा ने लाइब्रेरी के लिए चयनित जमीन विभाग के नाम स्थानांतरित होते ही निर्माण शुरू कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि जब वह कोसली से विधायक थे, तब भी उन्होंने जिला पुस्तकालय के निर्माण के प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने जमीन का चयन तो कर लिया है, लेकिन सरकार को अधूरी फाइल भेजी गई है। यह महज दो दिन में पूरा होने वाला काम है और इसके लिए लंबी प्रक्रिया की जरूरत नहीं है।


रेवाड़ी। विधानसभा में अपनी मांग रखते हुए लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

### जमीन का मालिकाना हक लोक निर्माण विभाग के पास

विधायक की मांग पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार रेवाड़ी में जिला पुस्तकालय का निर्माण जमीन उपलब्ध होते ही शुरू कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन को इसके लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शिक्षा मंत्री के अनुसार रेवाड़ी प्रशासन ने जिला पुस्तकालय के लिए पुरानी जेल की जमीन का चयन किया है। फिलहाल जमीन का मालिकाना हक लोक निर्माण विभाग के पास है। इस जमीन को शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# कोसली स्टेशन के आरयूबी को मंजूरी, 7.30 करोड़ से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली रेलवे स्टेशन के बरसों से बंद पड़े हुए रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की स्वीकृति मिल गई है। आरयूबी के निर्माण कार्य पर 7 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च होंगे। अंडरपास की स्वीकृति के लिए कोसली विधायक अनिल यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। करीब दस साल पहले भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोसली में आरयूबी बनवाने की घोषणा की थी। परंतु कोसली-नाहड़ बाजार के मुख्य मार्ग पर पुल के ठीक नीचे इसे बनवाने में कठिनाइयां आ रही थी, जिसके बाद फाटक से स्टेशन की तरफ पड़ी खाली जमीन पर आरयूबी बनवाने की योजना बनाई गई। बीएंडआर ने सलाहकार एजेंसी से इसका डिजाइन तैयार कराया है, जिसको रेलवे बीकानेर डिवीजन ने मंजूरी प्रदान कर दी है।


विधायक अनिल कुमार यादव

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में बैठक आज

# प्रदेश कार्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए लोग रवाना

- संगठन की बैठक समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सात मार्च को होने वाली प्रदेश कार्य समिति की बैठक व मथुरा वृंदावन यात्रा के लिए सीताराम मैरिज प्लेस से रवाना हुए। अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश स्तरीय आम सभा की बैठक सात मार्च को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में वृंदावन जैसे पावन तीर्थ स्थल पर आम सभा का आयोजन समाज की एकता, वैचारिक चिंतन व भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व रासलीलाओं से अनुप्राणित यह धरा आज भी कण कण में आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है और ऐसे दिव्य वातावरण में संगठन की बैठक समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी।


नारनौल। बैठक में भाग लेने आए समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### यह हुए रवाना

बैठक में अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल काश्मीर, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला युवा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष रचना अग्रवाल, यात्रा के संयोजक कृष्ण गोयल, प्रदीप संघी, उमेश मित्तल, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, महेंद्र बंसल, तुलसी गोयल, मोहित जिंदल, जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अशोक कंछल, संजय गोयल, सुभाष चौधरी, नवीन केडिया, सुमत जैन, जिला युवा उपाध्यक्ष उदिक सिंघल, यश बंसल, यश जैन, बालकिशन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, पवन अग्रवाल, जिला महिला उपाध्यक्ष नीता गुप्ता, मधु गोयल, जिला कोषाध्यक्ष ऋतु बंसल, बबली जैन, शीतल गर्ग, रंजना अग्रवाल, मीरा चौधरी, पुष्पा जैन, ज्योति गुप्ता, मीना गोयल, रितु गोयल, पूजा मित्तल, निकिता जिंदल, वंदना अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, लियांशी गर्ग, मानसी बंसल, तशिका बंसल, इशिका गुप्ता, गुंजन अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल आदि रवाना हुए।

## शादी से पहले रस्म अदायगी में मिला सामान भी लौटा दिया था

# जन्म के तुरंत बाद मां, एक साल बाद पिता चल बसे जिस ताऊ ने परवरिश की, उसी घर को लगा दी आग

- केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने काबू किया भतीजा, 15 दिन पहले आरोपी ने अपना रिश्ता तक तोड़ दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसरा का माजरा निवासी एक महिला बच्चे को जन्म देने के महज एक घंटे बाद ही दुनिया से चल बसी थी। बच्चे की परवरिश का जिम्मा जिस पिता के हाथों में था, वह भी लगभग एक साल बाद चल बसा। ताऊ ने भाई के बेटे को अपने बेटे की तरह पाल-पोषकर बड़ा किया, तो वही उसका दुश्मन बन गया। उसने अपने ताऊ के बंद मकान का ताला तोड़कर आग लगा दी। पुलिस ने पूर्व सरपंच ताऊ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बावल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में आसरा का माजरा के पूर्व सरपंच जगदीश ने बताया कि उसके छोटे भाई का बेटा मोनू बचपन से ही उसके पास रहा है। उसकी मां जन्म के एक घंटे बाद चल बसी थी, जबकि उसके पिता की मोनू के जन्म के एक साल बाद मौत हो गई। उसने अपने भतीजे मोनू को बेटे से बढ़कर प्यार दिया, ताकि उसे मां-बाप की कमी नहीं खले। मोनू का घर बसाने के लिए उसने उसका रिश्ता तय कर दिया था। शादी गत 15 फरवरी को निर्धारित थी, परंतु मोनू ने शादी के 15 दिन पहले ही रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद उसने शादी से पहले रस्म अदायगी में मिला सामान भी लड़की पक्ष के लोगों को लौटाकर मामला सुलझा दिया था।

### फायर ब्रिगेड को सूचना दी

जगदीश ने आरोप लगाया कि मोनू ने रिश्ता तोड़ने के बाद उसके साथ भी रंजिश बना ली। उसकी पत्नी बीमार रहती है, जिस कारण वह उसे लेकर अलवर डॉक्टर के पास गया हुआ था। 4 फरवरी को मकान का ताला तोड़कर मोनू ने उसके घर में आग लगा दी। पड़ोस के लोगों ने उसे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग पर काबू पाने तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की दी सलाह

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को बावल कस्बे के वार्डों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। उन्होंने आमजन से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

### सोमाणी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

रेवाड़ी। शुक्रवार को सोमाणी कॉलेज के सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर जगबीर सिंह ढिल्लों मौजूद थे। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोल ऑफ इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट इंटरेक्शन पर अपने विचार रखे और औद्योगिक परिदृश्य में शिक्षा जगत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ऊधमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरने वाली कई रेलसेवाएं रहेंगी रद्द

# चूरू-सादुलपुर रेलखंड के मध्य दोहरीकरण कार्य, अप्रैल में रेल यातायात रहेगा प्रभावित

### आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित, रीशेड्यूल व रेगुलेट रहेगी

*रेवाड़ी। रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखंड के दुधवाखारा-हड़याल-डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंग्नलिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित, रीशड्यूल व रेगुलेट रहेगी।*



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

#### प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी सवारी गाड़ी 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार सवारी गाड़ी 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54804 रेवाड़ी-सीकर रेलसेवा 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54803 सीकर-रेवाड़ी रेलसेवा 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 26 अप्रैल से 29 अप्रैल, गाड़ी संख्या 14717 बीकानेर-हरिद्वार रेलसेवा 13 अप्रैल, 24 अप्रैल व 27 अप्रैल तथा गाड़ी संख्या 14718 हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा 14 अप्रैल, 25 अप्रैल व 28 अप्रैल को रद्द रहेगी।

#### ये रेलसेवाएं रहेंगी आंशिक रद्द

गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 15 अप्रैल को जोधपुर से प्रस्थान करके लोहारू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54804 रेवाड़ी-सीकर रेलसेवा 15 अप्रैल को रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54309 दिल्ली-हिसार रेलसेवा 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक दिल्ली से प्रस्थान करके रेवाड़ी तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हिसार के स्थान पर रेवाड़ी से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा हिसार-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

#### प्रारम्भिक स्टेशन से रीशिड्यूल रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 15 अप्रैल को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 26471 बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत रेलसेवा 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बीकानेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

#### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 20497 रामेश्वरम-फिरोजपुर रेलसेवा 14 अप्रैल व 21 अप्रैल को रामेष्वरम से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार-बठिण्डा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22471 लालगढ-दिल्ली सराय रेलसेवा 15 अप्रैल व 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक लालगढ़ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-मेडता बाईपास-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22472 दिल्ली सराय-लालगढ रेलसेवा 15 अप्रैल को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-मेडता बाईपास-बीकानेर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22421 दिल्ली सराय-जोधपुर रेलसेवा 15 अप्रैल से 28 अप्रैल तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12324 बाड़मेर-हावडा रेलसेवा 25 अप्रैल को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14727 श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज रेलसेवा 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हनुमानगढ-बठिण्डा बाईपास-हिसार-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14728 तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर रेलसेवा 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तिलकब्रिज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-हिसार-बठिण्डा बाईपास-हनुमानगढ होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 17019 हिसार-हैदराबाद रेलसेवा 21 अप्रैल व 28 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 17020 हैदराबाद-हिसार रेलसेवा 25 अप्रैल को हैदराबाद से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04725 हिसार-खडकी स्पेशल रेलसेवा 19 अप्रैल व 26 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04726 खडकी-हिसार स्पेशल रेलसेवा 27 अप्रैल को खडकी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07705 काकिनाडा टाउन-हिसार स्पेशल रेलसेवा 23 अप्रैल को काकिनाडा टाउन से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07706 हिसार-काकिनाडा टाउन स्पेशल रेलसेवा 26 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-भगत की कोठी रेलसेवा 24 अप्रैल को कामाख्या से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12371 हावडा-बीकानेर रेलसेवा 27 अप्रैल को हावडा से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-जयपुर-मेडता बाईपास-बीकानेर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12372 बीकानेर-हावडा रेलसेवा 16 अप्रैल व 23 अप्रैल को बीकोनर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-मेडता बाईपास-जयपुर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12259 सियालदाह-बीकानेर रेलसेवा 26 अप्रैल व 27 अप्रैल को सियालदाह से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-जयपुर-मेडता बाईपास-बीकानेर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12260 बीकानेर-सियालदाह रेलसेवा 27 अप्रैल व 28 अप्रैल को बीकानेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-मेडता बाईपास-जयपुर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12239 मुम्बई सेट्रल-हिसार रेलसेवा 26 अप्रैल को मुम्बई सेट्रल से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया लोहारू-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12240 हिसार-मुम्बई सेट्रल रेलसेवा 28 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-लोहारू होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19027 बान्द्रा टर्मिनस-जम्मूतवी रेलसेवा 25 अप्रैल को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19028 जम्मूतवी-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 27 अप्रैल को जम्मूतवी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 15 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-भिवानी-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04717 हिसार-तिरूपति रेलसेवा 25 अप्रैल को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22482 दिल्ली सराय-जोधपुर रेलसेवा 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी।

## ट्रेनरों ने जनगणना को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की शंकाओं को किया दूर




रेवाड़ी। जनगणना-2027 को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों की ओर से चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज लिपिक और तकनीकी सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना मुख्यालय हरियाणा से सतीश, मंडल कोऑर्डिनेटर गुरविंद्र व मास्टर ट्रेनर प्रो. सुनील ने चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज लिपिक और तकनीकी सहायकों की सभी शंकाओं का समाधान किया, ताकि भविष्य में होने वाली जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने जनगणना के संबंध में अनेक जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि जनगणना, प्रशासन की विश्वसनीयता और शासन की पारदर्शिता की परीक्षा है, जिसमें आंकड़े अधूरे व त्रुटिपूर्ण न हो, इसमें जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी भागीदारी करते है, वे सभी कार्य को सही, समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करें।

## कोसली मंडल कार्यालय में उपभोक्ता शिकायत निवारण कैंप 9 को

- शिकायतों से संबंधित कोई कोर्ट केस नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मंडल कार्यालय में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली से संबधित शिकायतों की सुनवाई के लिए 9 मार्च को सुबह 10 से 12 बजे तक उपभोक्ता शिकायत निवारण कैंप का आयोजन किया जाएगा। कोसली डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अनिश कुमार ने बताया कि बैठक में गलत बिलिंग व रीडिंग, कनेक्शन, मीटर व वोल्टेज से संबधित शिकायतें सुनीं जाएगी। शिकायतों से संबंधित कोई कोर्ट केस नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को शिकायत का विस्तृत विवरण सत्यापित फार्म के साथ देना होगा, ताकि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित



रेवाड़ी। वीआईपी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले 91 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर एडवोकेट नवदीप लाम्बा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर डा. उषा यादव ने विद्यालय में संचालित फाउंडेशन एवं सैनिक स्कूल की तैयारी की कक्षाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कोचिंग स्टाफ से सोनू, सुमित, सुरेंद्र, भूमिका, रीना, वर्षा, पूजा, दीपाली व सुनीता को भी सम्मानित किया गया।

## बेटियां परिवार और समाज की होती शानः मंजीत यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली में शुक्रवार को कन्या के जन्म की खुशी में कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। गांव निवासी मंजीत यादव ने बेटी के जन्म पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ कुआं पूजन कर खुशियां मनाईं। परिवारजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत पूजा-अर्चना कर बेटी के उज्ज्वल भविष्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। मंजीत यादव ने कहा कि बेटियां परिवार और समाज की शान होती हैं। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिए बेटी के जन्म को बोझ नहीं, बल्कि गर्व और खुशी का अवसर मानना चाहिए। इस मौके पर जिला पार्षद एडवोकेट जीवन हितैषी ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कदम प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में अमित यादव, गोशाला प्रधान ओमप्रकाश गुड्डू, कृष्ण यादव, अजय राव, हैप्पी यादव, अमन सेठ, शक्ति यादव, विशाल नंबरदार सहित परिवार के सदस्य और गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस



रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का 16वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल के 15 वर्ष पूर्ण होने पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं पूजा-अर्चना की गई। समारोह में विद्यालय के ड्राइवर, सफाई कर्मचारी तथा शिक्षकों को उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी उपस्थित थे। उप-प्रधानाचार्य निधि सैनी ने भी विद्यालय के साथ अपने 15 वर्षों के अनुभव साझा किए और टीम भावना को सफलता का आधार बताया। प्रधानाचार्य कुलदीप ने कहा कि स्कूल पिछले 15 वर्षों से शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। चेयरमैन ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की उपलब्धियां सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

## मंजीत ने यूपीएससी में पाई सफलता ऑल इंडिया में मिली 490वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजलट जारी हो गया है। जिले के गांव कंवाली निवासी मंजीत सिंह एग्जाम में ऑल इंडिया स्तर पर 490वीं रैंक हासिल की है। डहीना निवासी प्रमोद कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में 220 हुआ रैंक प्राप्त किया है। प्रमोद के पिता जल्दी यादव पैसे से वकील है। मंजीत का परिवार वर्तमान में दिल्ली में रहता है। मंजीत सिंह के पिता रतन सिंह पुलिस विभाग में एएसआई के पद पर कार्यरत है। मनजीत सिंह ने शिवा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना से विज्ञान संकाय में 12वीं उत्तीर्ण की। चेयरमैन करणपाल खोला, शिवा स्कूल के चेयरमैन सुरेन्द्र मुदगिल, राजकृष्ण यादव व प्राचार्य महेश कुमार ने मनजीत सिंह और उसकेपरिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## पैक्स पर डिजिटल मोड में कार्य होने से आएगी पारदर्शिताः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी कमेटी की समीक्षा बैठक करते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी कमेटी की बैठक में को-ऑपरेटिव बैंक के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। डीसी ने नाबार्ड की ओर से चलाई जा रही योजनाओं, पैक्स की कार्य प्रणाली व जिले में संचालित को-ऑपरेटिव सोसायटी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जिले में संचालित पैक्स को डिजिटल रूप से जोड़ा जाना जरूरी है। पैक्स पर बिलिंग आदि से संबंधित कार्य डिजिटल माध्यम से होने से पारदर्शिता आएगी। सभी पैक्स पर डिजिटल रूप से कार्य किया जाए और समय-समय पर ऑडिट भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर को-ऑपरेटिव सोसायटी के महाप्रबंधक प्रशांत, नाबार्ड एजीएम जगदीश परिहार व विकास अधिकारी राकेश यादव मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

## हिंदुत्व केवल एक उपासना पद्धति नहीं बल्कि राष्ट्र की जीवन शक्तिः मनोज

- हम बौद्धिक क्षत्रिय बनकर अपनी सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्पित हों

कुंड। खोल खंड स्थित गांव सुंदरोज में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सुंदरोज सहित ढाणी सुंदरोज, पीथड़ावास, महलावास, धामलावास, बंगड़वा और बोहततवास गांवों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मातृशक्ति रही, जिन्होंने पारंपरिक परिधानों में सिर पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली। कार्यक्र में मुख्य वक्ता शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ थे। इस मौके पर शिक्षाविद वशिष्ठ ने कहा कि 1925 में विजयादशमी को प्रारंभ हुई राष्ट्र साधना की यह यात्रा आज 2026 में अपने स्वर्णिम अध्याय लिख रही है। हिंदुत्व केवल एक उपासना पद्धति नहीं, बल्कि राष्ट्र की जीवन शक्ति है। आज समय आ गया है कि हम बौद्धिक क्षत्रिय बनकर अपनी सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्पित हों। सीए जतिन ने पंच-परिवर्तन के माध्यम से स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण का मंत्र दिया। वक्ता भावना ने नारी सशक्तिकरण को राष्ट्र की नींव बताया। दलीप शास्त्री ने हिंदुत्व के गौरवशाली इतिहास और एकता की प्रासंगिकता पर विचार रखे। कार्यक्रम में सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सम्मेलन में जिला संघचालक रामौतार गौतम व हिंदू सम्मेलन के जिला संयोजक देवेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज पहलवान, भीम सिंह, अमन, मनोज प्रधान सरपंच धामलावास, अमित, चंचल, दशरथ चौहान, नाहर सिंह व यशवंत राव की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्र-आरती और जयघोष के साथ किया गया।

**आरोप** कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

# लकड़ी स्क्रैप कारोबारी से मंथली की मांग पर मारपीट, केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

करनावास में लकड़ी के स्क्रैप का धंधा करने वाले कारोबारी से मंथली की मांग करने और उसके कारिंदों से मारपीट करने के आरोपी को मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

सेक्टर-3 की सोसायटी में रह रहे मूल रूप से बिहार के चौपार खुर्द निवासी कन्हई कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह लकड़ी के स्क्रैप का कारोबार करता है। उसने करनावास में गोदाम बनाया हुआ है, जिस पर कार्य करने के लिए 30 श्रमिक रखे हुए हैं। गत 16 फरवरी को वह अपने गोदाम पर था। उसी दौरान एक युवक वहां आया। उसने अपना नाम आसलवास निवासी दिनेश बताते हुए कहा कि उसने गांव के लिए सौरव ने भेजा है। उसने फोन पर सौरव नाम के युवक से उसकी बात कराई। सौरव ने उसे हर माह 30 हजार रुपये देने की धमकी दी। मंथली नहीं देने पर उसके गोदाम को आग लगाने और उसे व उसके परिवार को खत्म करने की धमकी दी। उसने सौरव को पैसे देने से इनकार कर दिया था। कन्हई ने आरोप लगाया कि 4 मार्च को वह गोदाम से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान उसके वर्कर्स मुकेश ने उसे फोन पर बताया कि एक सौरव नाम का युवक आया है। वह उससे बात करने के लिए धमका रहा है। इसके बाद वह गोदाम पर पहुंचा तो उसने 30 हजार रुपये हर माह देने की बात दोहराते हुए पहले उसके साथ मारपीट की।

इसके बाद उसके तीन श्रमिकों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी सौरव को गिरफ्तार कर लिया। उसके दूसरे साथी का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।




रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना परिसर। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर की शिकायतों को अधिक समय तक न रखें लंबितः एडीसी

रेवाड़ी। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। विभागीय अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निदान करके समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट भी अपडेट करें। एडीसी मोदी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। इसके साथ-साथ अपने विभाग से संबंधी सरकार की योजनाओं बारे भी लोगों को जानकारी दें, ताकि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते एडीसी राहुल मोदी।

## कोसली क्षेत्र के गांव से युवती लापता

कोसली। कोसली क्षेत्र के गांव से 18 वर्षीय युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती के भाई ने कोसली थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता के अनुसार बुधवार देर रात उसकी मां की आंख खुली तो उसकी बहन अपने कमरे में नहीं मिली। परजनों युवती की आस पड़ोस व सभी रिश्तेदारियों में पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।